सब देवो में देव निराले बम बम भोले

जय शिव शंकर जय शंकर भोले
सब देवो में देव निराले बम बम भोले,

महादेव तुम ने ही तो सब देवो का संताप हरा,
सागर मंथन में निकला विष तूने अपने कंठ धरा,
इसी लिए हर प्राणी तुम को नील कंठ बोले,
सब देवो में देव निराले बम बम भोले,

तेरे नाम अनेको भोले तेरी महिमा न्यारी,
तेरे भेद अनोखे जग में क्या जाने संसारी,
तू ही है कैलाश पति तू पर्वत पर ढोले,
सब देवो में देव निराले बम बम भोले,

शीश तुम्हारे गंगा मैया चन्दर शिखर पर सोहे,
तन पर सर्प विचर ते रहते भगतो के मन मोहे,
उन को कैसी विपता जग में नाम तेरा बोले,
सब देवो में देव निराले बम बम भोले,

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/16541/title/sab-devi-me-dev-nirale-bm-bm-bhole

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |